हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 25 जून 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 25.2 डिग्री
न्यूनतम 23.2 डिग्री

4
अविश्वास प्रस्ताव से पंचों ने हटाया सरपंच को 17 में 16 पंचों ने किया विरोध, एक मत निरस्त



हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
25 जून 2026
कूपन नं. 5

2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.C. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

### सत्ता बचाने के लिए कांग्रेस ने संविधान को बनाया था बंधक

# 50 वर्ष बाद भी आपातकाल की विभीषिका देश के मानस पर अंकितः गोमती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पत्थलगांव

सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक गोमती साय ने विधायक निवास में आयोजित प्रेस वार्ता में आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला और शर्मनाक अध्याय बताते हुए कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने सत्ता बचाने के लिए संविधान की आत्मा का गला घोंटते हुए पूरे देश पर आपातकाल थोप दिया। यह वह दौर था जब लोकतंत्र कैद था, संविधान बंधक था और देश भय एवं दमन के साये में जीने को मजबूर था।

उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान विपक्ष के नेताओं, पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और हजारों लोकतंत्र सेनानियों को बिना किसी अपराध के जेलों में डाल दिया गया। प्रेस की स्वतंत्रता छीन ली गई, न्यायपालिका पर दबाव बनाया गया और नागरिकों के मौलिक अधिकारों ▶▶ शेष पेज 4 पर



### भाजपा लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध

गोमती साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार संविधान की भावना के अनुरूप सुशासन, पारदर्शिता और जनभागीदारी को मजबूत करते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों को और सशक्त बना रही है। भाजपा लोकतंत्र की रक्षा, संविधान के सम्मान और नागरिक अधिकारों की सुरक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने कहा कि आपातकाल की 50वीं बरसी केवल स्मरण का अवसर नहीं, बल्कि लोकतंत्र की रक्षा का संकल्प दोहराने का दिवस है। भाजपा पूरे प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को आपातकाल की विभीषिका और लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष से अवगत करा रही है, जिससे देश का लोकतांत्रिक भविष्य और अधिक मजबूत हो सके।

### संविधान बचाने का ढोंग कर रही कांग्रेस

गोमती साय ने कहा कि आज कांग्रेस लोकतंत्र और संविधान बचाने का ढोंग कर रही है, जबकि इतिहास गवाह है कि लोकतंत्र की हत्या करने का सबसे बड़ा अपराध उसी ने किया था। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र सेनानियों के अदम्य साहस, लाखों कार्यकर्ताओं के संघर्ष और देशवासियों की लोकतंत्र के प्रति अटूट आस्था ने अंततः तानाशाही को पराजित किया। आज आवश्यकता है कि नई पीढ़ी को आपातकाल की सच्चाई बताई जाए, ताकि भविष्य में कोई भी सत्ता संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ खिलवाड़ करने का साहस न कर सके।

# 200 ट्रैक्टर-ट्रॉली रेत जब्त 1.46 लाख रुपए वसूल

**जशपुरनगर।** जिले में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन संबंधी प्राप्त शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए जिला खनिज विभाग ने सख्त कार्रवाई की जा रही है। सिर्फ 2 वैध खदान, इधर बिना रायल्टी पटाये अवैध रेत तस्करी, 400 रूपये प्रति ट्रैक्टर बढ़ाई कीमत की शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेते हुए विभाग द्वारा झारखंड-छत्तीसगढ़ सीमा क्षेत्र में 11 जून को अवैध रूप से संग्रहित लगभग 200 ट्रैक्टर-ट्रॉली में 600 घन मीटर रेत जब्त कर नियमानुसार कार्रवाई की गई तथा 1 लाख 46 हजार 800 रुपये की अर्थदंड राशि खनिज मद में जमा कराई गई है।



■ अवैध रेत उत्खनन पर खनिज विभाग की बड़ी कार्रवाई

जिला सहायक खनिज अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पोड़ी स्थित शंख नदी क्षेत्र में 11 जून 2026 को निरीक्षण के दौरान लगभग 200 ट्रैक्टर-ट्रॉली (करीब 600 घनमीटर) रेत अवैध रूप से संग्रहित पाई गई। इस पर खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21 के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई। कार्रवाई के तहत निर्धारित अर्थदंड की राशि 1,46,800 रुपये का चालान 16 जून 2026 को खनिज मद में जमा कराया गया। उन्होंने बताया कि जिले में रेत के वैध उत्खनन एवं आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए झारखंड-छत्तीसगढ़ सीमा क्षेत्र में स्थित ग्राम पोड़ी एवं ग्राम पुत्रीचौरा में 5-5 हेक्टेयर क्षेत्रफल की रेत खदानें घोषित की गई हैं। इन खदानों के संचालन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना जारी कर खदान स्वीकृति की कार्यवाही की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### संभाग स्तरीय रोजगार मेला 27 को, अम्बिकापुर में

**जशपुरनगर।** सरगुजा जिले के बेरोजगार युवाओं के लिए संभाग स्तरीय रोजगार मेला 27 जून को राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल अम्बिकापुर में आयोजित किया गया है। उक्त मेले में 11 से अधिक निजी कंपनियों के नियोजक उपस्थित रहेंगे जो 1951 से अधिक रिक्त पदों पर भर्ती करेंगे। योग्यता के अनुसार 8वीं पास, 10वीं पास, 12वीं पास, ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट, आई टी आई, डिप्लोमा और यहां तक कि अनपढ़ अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते हैं। युवक और युवतियां इस मेले में शामिल होने के लिए अपना ऑनलाइन पंजीयन अवश्य करा लें। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी अपने जिले के रोजगार अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

### 2 से 4 जुलाई तक जशपुर प्रवास पर रहेंगी डा. लकड़ा

**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा 2 से 4 जुलाई तक जिले के शासकीय प्रवास पर रहेंगी। इस दौरान वे अनुसूचित जनजातियों के लिए लागू संवैधानिक सुरक्षा उपायों, कल्याण एवं विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करेंगी। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, भारत सरकार के छत्तीसगढ़ क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक 03 जुलाई 2026 को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा अनुसूचित जनजातियों के हित में संचालित योजनाओं, कार्यक्रमों एवं संवैधानिक प्रावधानों के पालन की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की जाएगी।

### जिले में 56.9 मिमी औसत वर्षा



**जशपुरनगर।** में 1 जून से 24 जून 2026 तक 501.3 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 24 जून तक सामान्य औसत वर्षा 1164.2 मिमी हुई है, जो सामान्य का 43.1ः है। बीते दिवस जिले में 56.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसीलवार वर्षा इस प्रकार है तहसील जशपुर में 56.1 मिमी, मनोरा में 82.5 मिमी, कुनकुरी में 72.1 मिमी, दुलदुला में 32.1 मिमी, फरसाबहार में 35.1 मिमी, बगीचा में 24.3 मिमी, कांसाबेल में 71.5 मिमी, पत्थलगांव में 52.5 मिमी, सन्ना में 42.1 मिमी एवं बागबहार में 33.0 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा मनोरा तहसील में 82.5 मिमी दर्ज की गई है।

# गणित में निपुण होंगे सरकारी स्कूल के बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बगीचा

सरकारी स्कूलों के बच्चों को गणित में दक्ष बनाने के लिए जिले में एक अभिनव पहल की शुरुआत की गई है। कर्नाटक में सफल रहे कनेक्टेड मॉडल पर आधारित 'जश-लर्न' मिशन के तहत अब शिक्षक स्कूल समय के बाद मोबाइल फोन के माध्यम से विद्यार्थियों को व्यक्तिगत रूप से गणित की कोचिंग देंगे।

■ कर्नाटक में सफल रहे कनेक्टेड मॉडल पर आधारित 'जश-लर्न' मिशन की जशपुर में शुरुआत

शिक्षा विभाग और यूथ इम्पैक्ट के संयुक्त प्रयास से शुरू की जा रही यह पहल जिले में बुनियादी गणितीय दक्षता को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, बगीचा के सभागार में संकुल समन्वयकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में कार्यक्रम की कार्यप्रणाली, विद्यार्थियों के चयन, अभिभावकों की सहभागिता तथा सीखने के परिणामों को बेहतर बनाने के तरीकों पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक सुभाष प्रभाकरन ने बताया कि प्रारंभिक चरण में यह कार्यक्रम कक्षा पांचवीं के विद्यार्थियों पर केंद्रित रहेगा। स्कूल समय समाप्त होने के बाद गणित शिक्षक ऐसे विद्यार्थियों का चयन करेंगे जिन्हें अतिरिक्त शैक्षणिक सहयोग की आवश्यकता है। इसके बाद अभिभावकों की सुविधा के अनुसार समय निर्धारित कर शिक्षक विद्यार्थियों को सीधे फोन कॉल करेंगे और उन्हें गणित की मूलभूत अवधारणाएं, विशेष रूप से भाग जैसी प्रक्रियाएं समझाएंगे। प्रत्येक कॉल लगभग 30 मिनट से एक घंटे तक की हो सकती है। निर्धारित दक्षता हासिल करने के बाद अन्य विद्यार्थियों को भी चरणबद्ध तरीके से कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा।



### संख्यात्मक ज्ञान का होगा विकास

विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुदर्शन पटेल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप बच्चों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान विकसित करना विभाग की प्राथमिकता है। 'जश-लर्न' मिशन के माध्यम से विद्यार्थियों को व्यक्तिगत शैक्षणिक सहयोग मिलेगा, जिससे गणित के प्रति उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा और सीखने के स्तर में उल्लेखनीय सुधार आएगा। उन्होंने कहा कि यह पहल शिक्षक, विद्यार्थी और अभिभावक के बीच बेहतर शैक्षणिक समन्वय स्थापित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# 39 ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देश पर किसानों को शासकीय योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराने तथा विभाग के महत्वपूर्ण कार्यों में तेजी लाने के उद्देश्य से कृषि विभाग ने सख्त कदम उठाया है। एग्रीस्टेक, फार्मर आईडी निर्माण, लंबित खसरों के अद्यतीकरण एवं अन्य विभागीय योजनाओं की प्रगति में अपेक्षित सुधार नहीं पाए जाने पर जिले के विभिन्न विकास खंडों में पदस्थ 39 ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री रोहित व्यास की अध्यक्षता में 22 जून को आयोजित समीक्षा बैठक में एग्रीस्टेक, फार्मर आईडी एवं विभागीय योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई थी। समीक्षा के दौरान कई क्षेत्रों में कार्यों की प्रगति संतोषजनक नहीं पाए जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए जिम्मेदार अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए थे। इसी तारतम्य में अधिकारियों को नोटिस जारी किया गया है।

■ कलेक्टर के निर्देश पर कृषि विभाग की बड़ी कार्रवाई

■ एग्रीस्टेक, फार्मर आईडी एवं विभागीय योजनाओं में धीमी प्रगति पर

उप संचालक कृषि द्वारा जारी नोटिस में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे एक सप्ताह के भीतर एग्रीस्टेक, फार्मर आईडी निर्माण, लंबित खसरों की प्रविष्टि तथा अन्य विभागीय योजनाओं में उल्लेखनीय प्रगति सुनिश्चित करें। साथ ही प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति करें। नोटिस में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि यदि निर्धारित समयावधि में अपेक्षित प्रगति नहीं होती है तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 एवं छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। आवश्यक होने पर निलंबन एवं विभागीय जांच की प्रक्रिया भी प्रारंभ की जा सकती है।

कलेक्टर रोहित व्यास ने कहा है कि किसानों से जुड़े सभी कार्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में हैं। एग्रीस्टेक एवं फार्मर आईडी जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म किसानों को विभिन्न योजनाओं से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। ऐसे में किसी भी स्तर पर लापरवाही या उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में लक्ष्य पूर्ण करते हुए किसानों को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

# बघिमा स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव



**जशपुरनगर।** पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला बाघिमा में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर बघिमा सरपंच पार्वती भगत, उप सरपंच संदीप राम, शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष शांतिलाल यादव की उपस्थिति में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें अतिथियों ने नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर अभिनंदन किया एवं बच्चों को गणवेश एवं पुस्तकों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बड़े कक्षाओं के बच्चों ने नव प्रवेशी बच्चों को बैंड बाजा बजा कर पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सरपंच पार्वती भगत ने कहा कि शासन के द्वारा गांव में पीएम श्री योजना के तहत अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक विद्यालय का संचालित हो रहे है जिसमें विभिन्न प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई गई है जिसका लाभ यहां के ग्रामीणों को उठाना चाहिए। शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष शांतिलाल यादव ने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों का घर में ज्यादा से ज्यादा ध्यान दें बच्चों के साथ बैठकर नियमित रूप से पढ़ने के लिए कहें। प्रधान पाठक सुरेश खलखो ने कहा कि विद्यालय में बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी दी जाती है एवं विद्यालय में खेल कूद, गीत संगीत, योग, आर्ट एवं क्राफ्ट आदि की भी शिक्षा नियमित रूप से दी जाती है।

# बढ़ते सड़क हादसों पर पुलिस का जागरूकता अभियान

**जशपुरनगर।** जिले के बगीचा क्षेत्र में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए थाना बगीचा पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। थाना परिसर से शुरू हुए इस अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर लोगों को यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित वाहन चलाने के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सड़क हादसों में कमी लाना और लोगों को सुरक्षा के प्रति संवेदनशील बनाना था।

अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों ने बाइक चालकों से बिना हेलमेट वाहन नहीं चलाने, ड्राइविंग के समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने तथा चार पहिया वाहन चालकों से सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने की अपील की। साथ ही शराब सेवन के बाद वाहन नहीं चलाने और रात्रि के समय हाई बीम के अनावश्यक उपयोग से बचते हुए डिपर का प्रयोग करने की सलाह दी गई। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं लापरवाही और यातायात नियमों की अनदेखी के कारण होती हैं। हेलमेट, सीट बेल्ट और अन्य सुरक्षा उपायों का पालन कर कई दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि को रोका जा सकता है। उन्होंने नागरिकों से स्वयं जागरूक होने के साथ-साथ दूसरों को भी यातायात नियमों के प्रति प्रेरित करने का आह्वान किया।



### सुरक्षित यातायात का संकल्प

कार्यक्रम में बालकिशुन यादव, अमृत यादव, लालू प्रसाद यादव, योगेश यादव, शशिशंकर यादव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान थाना बगीचा पुलिस ने सभी को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाते हुए सुरक्षित यातायात का संकल्प कराया।पुलिस ने कहा कि सुरक्षा कोई विकल्प नहीं, बल्कि जीवन बचाने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।ᵹ इसी संदेश के साथ जागरूकता अभियान का समापन किया गया।

# जशपुर में पहली बार दुर्लभ बैम्बू पिट वाइपर का रेस्क्यू

**जशपुरनगर।** जिले में पहली बार दुर्लभ प्रजाति के बैम्बू पिट वाइपर सांप का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया। यह सांप जशपुर के बरटोली क्षेत्र में देखा गया था, जिसके बाद प्रसिद्ध स्नेक रेस्क्यूअर राहुल तिवारी ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षित तरीके से उसका रेस्क्यू किया। बैम्बू पिट वाइपर एक विषैला लेकिन सामान्यतः शांत स्वभाव का सांप माना जाता है, जो मुख्य रूप से घने जंगलों और बांस वाले क्षेत्रों में पाया जाता है। जशपुर में इस प्रजाति का मिलना जैव विविधता की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण खोज माना जा रहा है। रेस्क्यू के दौरान वन्यजीव फोटोग्राफर अश्विनी चौहान ने इस दुर्लभ सांप की आकर्षक तस्वीरें अपने कैमरे में कैद कीं। इन तस्वीरों के माध्यम से लोगों को स्थानीय वन्यजीवों और उनके संरक्षण के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। स्नेक रेस्क्यूअर राहुल तिवारी ने लोगों से अपील की है कि किसी भी सांप को देखकर उसे नुकसान न पहुंचाएं तथा तुरंत प्रशिक्षित रेस्क्यू टीम या वन विभाग को सूचना दें। उन्होंने बताया कि सांप पारिस्थितिकी तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। जशपुर में बम्बू पिट वाइपर की उपस्थिति से यह स्पष्ट होता है कि जिले के वन क्षेत्र अभी भी समृद्ध जैव विविधता को संजोए हुए हैं। वन्यजीव प्रेमियों और प्रकृति विशेषज्ञों ने इस खोज को जशपुर के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है।



### माहेश्वरी समाज के आयोजन की पदाधिकारियों ने की सराहना

# रुद्राभिषेक, महेश वंदना के साथ मनाई गई महेश नवमीं

**जशपरनगर।** कुनकुरी माहेश्वरी समाज के आराध्य भगवान महेश ,भगवान शिव के पावन पर्व महेश नवमी के अवसर पर माहेश्वरी समाज कुनकुरी द्वारा धार्मिक आस्था, सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक परंपराओं से ओतप्रोत भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।



प्रातःकाल स्थानीय शिव मंदिर, कुनकुरी में भगवान शिव का रुद्राभिषेक एवं महामृत्युंजय मंत्र का सामूहिक पाठ किया गया। इसके पश्चात महेश वंदना के साथ अग्रसेन भवन में महेश नवमी महोत्सव का शुभारंभ हुआ। माहेश्वरी समाज के स्थापना दिवस के रूप में मनाए जाने वाले इस पर्व पर बच्चों, युवाओं एवं महिलाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं आयोजित सामाजिक बैठक में शिक्षा, संस्कार, सामाजिक एकता, संगठन की मजबूती एवं समाज में सकारात्मक सुधार से जुड़े विषयों पर चर्चा करते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। महेश नवमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने बताया कि ज्येष्ठ शुक्ल नवमी के दिन भगवान महेश एवं माता पार्वती के आशीर्वाद से माहेश्वरी समाज की उत्पत्ति हुई थी।

### निकली शोभा यात्रा किया नगर भ्रमण

शाम 4 बजे माहेश्वरी समाज द्वारा नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। भगवान महेश के जयघोष, भक्ति गीतों और आकर्षक झांकियों के साथ निकली शोभायात्रा में समाज के महिला, पुरुष, युवा एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभायात्रा ने नगर में धार्मिक और भक्तिमय वातावरण का संचार किया। कार्यक्रम सफल आयोजन में जशपुर जिला माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष पवन हेडा, युवा मंडल अध्यक्ष शिव बंग, सुशील मूंदड़ा, श्याम सुंदर बंग,नटवर मूंदड़ा , इन्दर हेड़ा,उमाशंकर हेडा रितेश बजाज,दीपक हेडा, पारस बजाज, लक्ष्मीकांत बजाज, पवन लड्ढा, आशीष बंग, विवेक बजाज, विकाश बंग, गौरी नवांधर, शिवरत्न माहेश्वरी एवं मनीष हेडा, उमंग हेडा, मोहित बंग, सहित समाज के वरिष्ठजन एवं बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI ▶ RAIGARH
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
उड़ीसा रोड , काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)
89595-93923 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### मातमी पर्व मुहर्रम के लिए किया गया कमेटी का गठन

अंबिकापुर। मुस्लिम समाज का मातमी पर्व मुहर्रम 26 जून को मनाया जाएगा। मुहर्रम के दौराम मातमी जुलूस व अन्य आयोजनों को लेकर ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद के नेतृत्व में बैठक का आयोजन कर मुहर्रम कमेटी का गठन किया गया। इस दौरान मातमी पर्व को अदब व एहतराम के साथ मनाने का संकल्प लिया गया। ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद की मौजूदगी में आयोजित बैठक के दौरान सर्वसम्मति से मुहर्रम कमेटी का गठन करते हुए अध्यक्ष इरशाद खान उर्फ पिंटू, कार्यकारी अध्यक्ष मुजीबूल खान बरेजपारा, सह-कार्यकारी अध्यक्ष सद्दाम खान मोमिनपुरा को नियुक्त किया गया। बैठक में शहर की 12 मजहबी इदारों के जिम्मेदार व्यक्तियों ने भी अपनी सहमति प्रदान करते हुए नई कमेटी के गठन का स्वागत किया। बैठक में यह तय किया गया कि इस वर्ष भी मुहर्रम पर्व पूरी अकीदत, अदब और एहतराम के साथ मनाया जाएगा। जुलूस को बेहतर एवं सुव्यवस्थित तरीके से निकालने, समय की पाबंदी रखने तथा सभी व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने पर विशेष चर्चा की गई। साथ ही लंगर एवं अन्य स्थानों पर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने, समाज के युवाओं एवं जागरूक नागरिकों के सहयोग से इस मुबारक मौके को बेहतर बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने आपसी भाईचारे, अनुशासन और मोहब्बत के साथ मोहर्रम की सभी गतिविधियों को संपन्न कराने का निर्णय लिया।

### बड़ी चलगली स्वास्थ्य शिविर में 243 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण




राजपुर। विकासखण्ड राजपुर के दूरस्थ ग्राम बाड़ीचलगली में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.रमेश जायसवाल के नेतृत्व में स्वास्थ्य शिविर में 243 ग्रामीणों का उपचार किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों का गहन स्वास्थ्य परीक्षण किया। जांच में 10 मौसमी बुखार, 2 उल्टी-दस्त, 5 चर्म रोगी तथा 3 खांसी एवं टीबी के संभावित मरीज चिन्हित किए गए। इसके अलावा 71 लोगों का रक्तचाप, 41 लोगों का शुगर परीक्षण, 57 लोगों की खून की कमी, 7 गर्भवती माताओं की स्वास्थ्य जांच, 11 बच्चों का कुपोषण परीक्षण, 6 लोगों की मलेरिया जांच तथा 27 लोगों की ओरल हेल्थ जांच की गई। शिविर में 74 लोगों की एनडीसी एवं कैंसर स्क्रीनिंग भी की गई। इस दौरान डॉ.जायसवाल ने स्वच्छता, व्यक्तिगत हाइजीन, परिवान नियोजन के साधनों की उपलब्धता एवं उनके उपयोग की जानकारी दी। गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को नवजात शिशुओं को स्तनपान के बारे में बताया तथा जन्म के बाद छह माह तक केवल स्तनपान कराने की सलाह दी।

### तलवार लहराकर दहशत फैला रहा युवक गिरफ्तार

**रायगढ़।** कापू थाना क्षेत्र में मेन रोड पर तलवार लहराकर लोगों को डरा-धमका रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। आरोपी के कब्जे से एक नुकीला धारदार तलवारनुमा हथियार भी जब्त किया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 22 जून की दोपहर थाना प्रभारी कापू उप निरीक्षक इगेश्वर यादव को सूचना मिली कि वार्ड क्रमांक-3 स्थित अश्वनी किराना दुकान के सामने एक युवक हाथ में धारदार तलवार लेकर मेन रोड पर घूम रहा है और आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्षेत्र की घेराबंदी की और आरोपी को मौके से पकड़ लिया। पूछताछ में उसकी पहचान रण विजय सिंह राजपूत 30 वर्ष पिता जगतपाल सिंह निवासी कापू के रूप में हुई। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक नुकीला धारदार तलवारनुमा हथियार बरामद हुआ, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। आरोपी के इस कृत्य से क्षेत्र में भय और दहशत का माहौल बन गया था। कापू पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 25 एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की है।

### नाबालिग किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**बिश्रामपुर।** नाबालिग किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया है। लटोरी पुलिस ने बताया कि 22 जून को एक



महिला द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री उम्र 13 वर्ष को ग्राम झूमरपारा करंजी निवासी 28 वर्षीय रमेश सिंह पिता पितांबर सिंह 19 जून को रात्रि 9 बजे घर के पास से जबरन ले जाकर खेत में अनाचार किया एवं धमका कर रात भर अपने साथ रखा, अगले दिन नाबालिग पीड़िता को छोड़ने पर किशोरी घटना के बारे में अपने परिजन को बताई।

## रामानुजनगर पुलिस ने सुलझाई अंधे कत्ल की गुत्थी

# मां के साथ मारपीट से आक्रोशित बेटे ने की पिता की हत्या, शव को बोरे में भरकर फेंका

हरिभूमि न्यूज : सूरजपुर

जिले की रामानुजनगर पुलिस ने अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में सफलता हासिल की है। तिवरागुड़ी में बोरी में भरकर मिले शव की पहचान करने के साथ ही पुलिस ने हत्या के मामले में महिला समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में मृतका की पत्नी, पुत्र शामिल है। मां के साथ आए दिन की जा रही मारपीट से तंग आकर बेटे ने ही हत्या की और फिर अपने मौसा और दोस्त के स्थ मिलकर शव को ठिकाने लगा दिया।

**खास बात**

- पुलिस ने मां-बेटे के साथ ही चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

बता दें कि रामानुजनगर थाना अंतर्गत ग्राम तिवरागुड़ी सरनापारा में एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया था। शव को बोरी में भरकर फेंका गया था और उसके सिर व शरीर पर धारदार हथियार से वार के निशान थे। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने जांच व कार्रवाई के निर्देश देते हुए टीम का गठन किया था। एएसपी योगेश देवांगन व एसडीओपी प्रेमनगर बेनार्ड कुजूर के नेतृत्व में जांच के दौरान मृतक की पहचान कोरिया बैकुंठपुर के बचरापोड़ी परसापानी चिरमी निवासी शिव प्रसाद के रूप में हुई थी। मृतक की पहचान होने के बाद जब पुलिस टीम मृतक के घर पहुंची तो उनके होश उड़ गए। मृतक के घर में जगह जगह खून के धब्बे बने हुए थे। ऐसे में पुलिस ने संदेह के आधार पर मृतक के पुत्र अमृत लाल को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि मृतक शिव प्रसाद आए दिन पत्नी के साथ मारपीट करता था। 10 जून को भी पिता शिव प्रसाद सिंह, चाचा देवकुमार व बाबा रमेश पेशी के लिए बैकुंठपुर गए हुए थे और जब शाम को शिव प्रसाद घर आया तो पत्नी के साथ मारपीट कर रहा था। आरोपी ने पुलिस को बताया की जब वह बकरी चराकर घर लौटा तो मां बीरा बाई ने बताया कि पिता ने फिर से मारपीट की है। आए दिन मां के साथ मारपीट से आक्रोशित होकर बेटे अमृत लाल ने पिता के हत्या की योजना बना ली। जब मृतक शिवप्रसाद सिंह खाना खाकर अपने कमरे में सोने के लिए गया तो आरोपी टांगी और लोढ़ा लेकर तैयार हो गया।

पिता के गहरी नींद में जाते ही आरोपी ने पिता के सिर पर टांगी और लोढ़ा से वार कर उसकी हत्या कर दी और फिर उसके मोबाइल फोन को बंद कर सिमकार्ड निकालकर रख लिया।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### मां और मौसा के साथ मिलकर बनाई ठिकाने लगाने की योजना

पुलिस के अनुसार आरोपी ने सुबह में अपनी मां बीरा बाई को घटना की जानकारी दी और उसके बाद अपने मौसा हरवंश सिंह को भी पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। इस दौरान मौसा हरवंश सिंह ने बताया कि रात को शव को तिरवागुड़ी के तरफ मौजूद बांध में फेंक देंगे किसी को पता नहीं चलेगा। 11 जून की रात जब हरवंश सिंह की बाइक खराब होने के कारण उन्होंने पड़ोसी युवक की बाइक को झूठ बोलकर मांगा जिसके बाद सभी ने मिलकर शव को बोरी में भरकर रस्सी से बांध दिया और बाइक पर लोडकर घर से कुडेली होते हुए तिवरागुड़ी की तरफ निकल गए। इस दौरान बाइक को मौसा हरवंश सिंह चला रहा था लेकिन रास्ते में झरनापारा रोड में कीचड़ होने के कारण बाइक फंस गई जिसके बाद आरोपी अमृत ने अपने दोस्त कौशल उईके को फोनकर बुलाया। इस दौरान उनसे अपने दोस्त को बताया की मौसा के धान बीज लेकर जा रहे थे और गाड़ी खराब हो गई। जब कौशल उइके बाइक लेकर पहुंचा तो आरोपी ने उसे बताया कि वह पिता के शव को ठिकाने लगाने जा रहा है जिसपर कौशल भी सहयोग के लिए तैयार हो गया।

### शव को फेंकर भागे, पत्नी ने की घर की लिपाई

पुलिस ने अनुसार रास्ते से कौशल बाइक चला रहा था जबकि अमृत बीच में बैठा वहीं पीछे शव को मौसा हरवंश सिंह ने पकड़ा था। तीनों बाइक से तिवरागुड़ी पहुंचे जहां बांध की तरफ टॉर्च जलने की रौशनी देखकर तीनों डर गए और शव को पिवरी बांध रोड में तिवरागुडी डांड में फेंकर भाग निकले। इधर घर में फैले खून के धब्बों को महिला ने गोबर से लीपकर मिटा दिया। पुलिस ने मामले में शेष आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। इस मामले में पुलिस ने बैकुंठपुर बचरापोड़ी चिरमी परसापानी निवासी 18 वर्षीय वर्षीय अमृत लाल आ. स्व. शिव प्रसाद, 37 वर्षीया बीरा बाई पति स्व. शिव प्रसाद, कोरिया बैकुंठपुर जटासेमर महुआपारा निवासी 19 वर्षीय कौशल सिंह उइके आ. मनबोध उईके व रामानुजनगर थाना अंतर्गत तिवरागुड़ी पंडरीपानी निवासी 35 वर्षीय हरवंश सिंह आ.जयनाथ सिंह को बीएनएस की धारा 103(1) के तहत गिरफ्तार करने के साथ ही घटना में प्रयुक्त लोढ़ा, टांगी, मृतक का मोबाईल, परिवहन में प्रयुक्त 3 बाइक को जब्त किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी रामानुजनगर राजेन्द्र साहू, एएसआई बिशुनदेव पैकरा, प्रधान आरक्षक हेमंत सोनवानी, हितेश्वर राजवाडे, आरक्षक दीपक यादव, परदेशी चंद्रा, युवराज यादव सक्रिय रहे।



## नृशंस हत्याकांड की एसआईटी का गठन कर की जाए निष्पक्ष जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कोरिया सोनहत के नौगाई में हुए तीन लोगों की बेरहमी से हत्या करने के मामले में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने मंगलवार को आईजी से मुलाकात की। इस दौरान समाज के लोगों ने इस जघन्य हत्याकांड की निष्पक्ष जांच व दोषियों पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है।

- अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने आईजी से की मुलाकात, सौंपा ज्ञापन

इस दौरान समाज के लोगों ने बताया कि यह घटना अत्यंत गंभीर एवं हृदयविदारक है जिसमें भरत सिंह लल्ला, नागेंद्र सिंह एवं वीरेंद्र सिंह की बेरहमी से हत्या कर दी गई। इसके साथ ही घटना में मयंक योगेन्द्र सिंह एवं योगेन्द्र सिंह गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार यह घटना सुनियोजित पड्यंत्र, मार्ग अवरोध कर वाहन में ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगाने तथा उसके उपरांत घातक हथियारों से हमला किए जाने से संबंधित प्रतीत होती है। इस घटना से न केवल पीड़ित परिवार बल्कि सम्पूर्ण समाज में भय एवं असुरक्षा की भावना उत्पन्न हुई है। उन्होंने आईजी दीपक झा को सौंपे ज्ञापन में मांग की है कि इस घटना की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया जाए और निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच की जाए। यदि जांच के दौरान नामजद आरोपियों के अतिरिक्त अन्य लोगों की संलिप्तता सामने आने पर तत्काल गिरफ्तारी कर कार्रवाई की जाए। जांच में यह स्पष्ट किया जाए कि घटना स्थल से जब्त अन्य वाहनों एवं उनसे संबंधित व्यक्तियों की भूमिका क्या रही तथा आवश्यक होने पर उनकी भी जांच की जाए। यदि किसी अधिकारी-कर्मचारी द्वारा जांच या कथन में जातिसूचक, पक्षपातपूर्ण अथवा अनुचित व्यवहार किया गया हो तो उसकी निष्पक्ष जांच कर आवश्यक विभागीय कार्रवाई की जाए। पीड़ित परिवार एवं गवाहों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए ताकि किसी प्रकार का दबाव, भय अथवा प्रभाव न पड़े। प्रकरण की जांच एवं कार्रवाई की प्रगति से पीड़ित पक्ष को नियमानुसार अवगत कराया जाए। उन्होंने मांग की है कि सभी आरोपी स्थानीय निवासी हैं, अतः निष्पक्ष जांच, गवाहों एवं पीड़ित पक्ष की सुरक्षा तथा किसी भी प्रकार के स्थानीय प्रभाव, दबाव अथवा प्रकरण को प्रभावित किए जाने की आशंका को ध्यान में रखते हुए सक्षम न्यायिक एवं प्रशासनिक प्राधिकारी द्वारा आरोपियों को आवश्यकतानुसार अन्यत्र स्थित केन्द्रीय जेल में शिफ्ट किया जाए। समाज के लोगों ने यथाशीघ्र एवं निष्पक्ष कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है। इस दौरान महासभा के सचिव अरुण सिंह, अशोक सिंह, विवेक सिंह, रवि सिंह सहित अन्य मौजूद थे।



## आदिवासी भूमि पर अवैध अतिक्रमण रोकने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** सर्व आदिवासी समाज के युवा प्रभाग प्रदेश उपाध्यक्ष उदय कुमार पण्डो के नेतृत्व में समाज के ग्रामीणों ने बलरामपुर को ज्ञापन सौंप ग्राम सनावल में अवैध कब्जा रोकने की मांग की है। ज्ञापन के अनुसार ग्राम कामेश्वर नगर निवासी रामज्ञान पच्ची रामवृक्ष पच्ची की पुश्तैनी भूमि खसरा नं.441 रकबा 0.45 हेक्टेयर पर शिवशंकर साव व मुन्ना साव द्वारा अवैध कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। भूमि पर आदिवासी परिवार का हैण्डपंप व मकान-बाड़ी भी है। अनावेदकों द्वारा कुटरचित दस्तावेज तैयार कर पट्टा बनवाया गया है। उदय कुमार पण्डो ने बताया कि संविधान की पांचवी अनुसूची एवं छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165(6) के तहत अनुसूचित जनजाति की भूमि कलेक्टर की अनुमति के बिना गैर आदिवासी को हस्तांतरित नहीं हो सकती। ग्रामीणों ने कलेक्टर से अतिक्रमण पर रोक लगाने एवं भूमि का सीमांकन कराने की मांग की है। इस दौरान हंसराज नेताम, दयाशंकर उईके, रामदेव सिंह, रामाशंकर सिंह, महेंद्र आयाम, देवनारायण पण्डो आदि उपस्थित थे।

## रामगढ़ महोत्सव 29 एवं 30 को कलेक्टर ने लिया तैयारियों का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

आषाढ़स्य प्रथम दिवस के अवसर पर प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले रामगढ़ महोत्सव 2026 के सफल आयोजन को लेकर कलेक्टर अजीत वसंत ने विकासखंड उदयपुर स्थित रामवनगमन पर्यटन परिपथ स्थल एवं विश्व की प्राचीनतम नाट्यशाला रामगढ़ पहुंचकर तैयारियों का स्थल निरीक्षण किया।

उन्होंने आयोजन से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि रामगढ़ महोत्सव 2026 का आयोजन आगामी 29 एवं 30 जून को दो दिवसीय आयोजित किया जाएगा। यह महोत्सव प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक विरासत को संरक्षित एवं प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण आयोजन है, जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, कलाकारों, पर्यटकों एवं आम नागरिकों की सहभागिता रहेगी।



निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री वसंत ने हेलीपैड, मुख्य मंच, पार्किंग व्यवस्था, पंडाल, बैठक व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, पेयजल सुविधा, स्वच्छता व्यवस्था तथा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए जाने वाले प्रदर्शनी एवं विभागीय स्टॉलों की तैयारियों का अवलोकन किया। उन्होंने सभी व्यवस्थाओं को व्यवस्थित, सुरक्षित एवं आकर्षक बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने महोत्सव की तैयारियों की जानकारी लेते हुए विभागवार दायित्वों का निर्धारण, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा, आगंतुकों के लिए मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता, यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था तथा आयोजन के सफल संचालन के लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिपं सीईओ विनय कुमार अग्रवाल, एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो, लोनिवि ईई वीरेंद्र चौधरी, एसडीएम रामराज सिंह, उदयपुर जनपद पंचायत सीईओ वेद प्रकाश गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मांगों को लेकर पेंशनर महासंघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ ने सरगुजा कलेक्टर को पेंशन निर्धारण एवं पेंशन भुगतान किए जाने के संबंध में ज्ञापन सौंपा। कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में पेंशनर महासंघ ने आग्रह किया है कि 31 दिसम्बर 1988 के पूर्व नियुक्त दैनिक वेतन भोगी एवं कार्यभारित कर्मचारियों की सेवाओं को स्थापना काल से अहर्तादायी सेवा मानते हुए पेंशन निर्धारण एवं पुनर्निधारण की कार्यवाही शीघ्र कराई जाए। ऐसाहोने से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को न्याय मिलेगा। जिले के विभिन्न विभागों एवं कार्यालयों में इस संबंध में अपेक्षित गति से कार्यवाही नहीं होने से पात्र पेंशनरों को लाभ मिलने में विलम्ब हो रहा है। अधिकांश पेंशनर वरिष्ठ नागरिक हैं तथा लम्बे समय से अपने मिलने वाले वैधानिक लाभ की प्रतीक्षा कर रहे हैं। सौंपे ज्ञापन में पेंशनर महासंघ ने पेंशनरों के हित में कलेक्टर से मांग की है कि जिले के समस्त विभाग प्रमुखों एवं कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया जाए कि पात्र कर्मचारियों के प्रकरणों का शीघ्र परीक्षण कर पेंशन पुनर्निधारण हेतु आवश्यक कार्रवाई करें। जिले में लंबित प्रकरणों की समीक्षा हेतु विशेष बैठक आयोजित की जाए। प्रत्येक विभाग से लंबित एवं निराकृत प्रकरणों की जानकारी प्राप्त कर समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाये। पात्र पेंशनरों को अनावश्यक कार्यालयीन कठिनाईयों से बचाने हेतु एकल खिड़की व्यवस्था अथवा नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाये। ज्ञापन सौंपने वालों में पेंशनर महासंघ के संभागीय अध्यक्ष गुरूचरण सिंह, जिलाध्यक्ष मानिक चन्द्र, प्रदीप सोनी सहित संघ के अन्य सदस्य व पदाधिकारी मौजूद थे।

## पोखरी खदान में मिले अज्ञात युवक के शव की शिनाख्त न होने से जांच में आ रही रूकावट



**बिश्रामपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत करमपुर रोड स्थित पोखरी खदान क्रमांक 5-6 में गत दिनों एक अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर जांच की जा रही है, लेकिन अज्ञात युवक के शव का शिनाख्त नहीं हो पाने से जांच कार्यवाही में रूकावट आ रही है। ज्ञात हो कि 17 जून को पुलिस को सूचना मिली थी कि करमपुर रोड स्थित पोखरी खदान के गहरे पानी में एक व्यक्ति का शव दिखाई दे रहा है। सूचना मिलते ही बिश्रामपुर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और डीडीआरएफ सूरजपुर की सहायता से शव को बाहर निकालने का प्रयास शुरू किया गया। तीसरे दिन 19 जून को काफी मशक्कत के बाद शव को पानी से बाहर निकाला जा सका था। पुलिस के अनुसार शव अत्यधिक सड़ी-गली अवस्था में था, शव को नाइलोन की रस्सी से पत्थर बांधकर पोखरी में डाला गया था, कई दिन गुजर जाने के बाद शव की पहचान कर पाना बेहद कठिन हो गया। थाना क्षेत्र सहित आसपास के गांवों और कस्बों में पतासाजी की गई, लेकिन मृतक के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। फिलहाल पुलिस विभिन्न स्तरों पर जांच कर रही है और गुमशुदगी के मामलों का भी मिलान किया जा रहा है। पुलिस द्वारा जारी विवरण के अनुसार मृतक अज्ञात युवक की अनुमानित आयु 25 से 30 वर्ष के बीच बताई गई है। उसकी ऊंचाई लगभग 5 फीट 9 इंच है। मृतक की दोनों हथेलियों में हरे रंग के निशान पाए गए हैं तथा उसके पहने हुए टी-शर्ट पर भी हरे रंग के धब्बे मौजूद हैं। यही विशेष पहचान फिलहाल जांच में महत्वपूर्ण सुराग मानी जा रही है। बिश्रामपुर पुलिस ने आम नागरिकों से आह्वान किया है कि यदि किसी व्यक्ति के परिचित, रिश्तेदार या आसपास का कोई युवक पिछले दिनों से लापता है और उसका हुलिया जारी विवरण से मेल खाता है, तो इसकी सूचना तत्काल निकटतम थाना या थाना विश्रामपुर को दें। पुलिस का कहना है कि नागरिकों द्वारा दी गई छोटी-सी जानकारी भी मृतक की पहचान और मामले की जांच में महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।



## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए अमर प्रेरणा

**अम्बिकापुर।** भाजपा कार्यालय संकल्प भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित "विश्वास के 12 साल : सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण" स्मरण पखवाड़ा के अंतर्गत भारतीय जनसंघ के संस्थापक, महान राष्ट्रवादी चिंतक, प्रखर शिक्षाविद् एवं राष्ट्र की एकता और अखंडता के सजग प्रहरी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर संगोष्ठी आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संगोष्ठी में पूर्व भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने रिंग रोड स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक स्थित डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके विचारों और आदर्शों का स्मरण किया। संकल्प भवन में आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्र निर्माण में योगदान, राष्ट्रीय एकता के लिए उनके संघर्ष और त्यागमय जीवन पर प्रकाश डाला। जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने एक देश में दो विधान, दो निशान और दो प्रधान की व्यवस्था का दृढ़ता से विरोध करते हुए राष्ट्रीय एकात्मता की अलख जगाई। उनका जीवन प्रत्येक राष्ट्रभक्त के लिए प्रेरणास्त्रोत है तथा उनके विचार आज भी देश को दिशा प्रदान कर रहे हैं। पूर्व जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने कहा कि डॉ. मुखर्जी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि दूरदर्शी राष्ट्रचिंतक थे। उन्होंने भारत की सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की अवधारणा को मजबूत आधार प्रदान किया और राष्ट्रहित को सदैव सर्वोपरि रखा। उनका बलिदान देशवासियों को राष्ट्रसेवा, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश देता है। इस दौरान महापौर मंजूषा भगत, डॉ. अम्बिकेश केशरी, विनोद हर्ष, अरुणा सिंह, हरमिन्दर सिंह टिन्नी, मधु चौदाहा, विकास पांडेय, मनीष सिंह, जन्मेजय मिश्रा, श्वेता गुप्ता, मयंक जायसवाल, अभय साहू विकास वर्मा रिंकू, अनिल जायसवाल सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## पुलिस ने नशे के विरूद्ध चलाया विशेष जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर/सलका-अधिना

युवाओं को नशे से दूर रखने, नशे के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देशन में अभियान नवजीवन चलाया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में सोमवार थाना भटगांव पुलिस ने स्थानीय एडी जुबली स्कूल में विशेष जागरुकता अभियान का आयोजन किया। पुलिस ने छात्रों से सीधे संवाद कर उन्हें नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी साथ ही इस बुराई के खिलाफ लड़ाई में उनका सहयोग भी मांगा। विद्यार्थियों ने यह संकल्प लिया कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे और समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाने में योगदान देंगे।

- बच्चों ने रंगोली, निबंध व पोस्टर के माध्यम से किया जागरूक

थाना प्रभारी भटगांव बृजेश सिन्हा ने बेहद सरल भाषा में छात्रों को बताया कि नशा व्यक्ति के दिमाग और शरीर पर बुरा प्रभाव डालते हैं। इसकी लत व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से कमजोर बना देती है। नशे की गिरफ्त में आने से पढ़ाई, करियर, पारिवारिक रिश्ते और सामाजिक जीवन पर नकारात्मक असर पड़ता है, इसलिए नशे से दूरी बनाकर रखे। थाना प्रभारी ने कहा कि नशीले पदार्थों की खरीद-बिक्री, तस्करी या उससे जुड़ी किसी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिलती है तो जानकारी दे सकते हैं। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा नशे से दूरी और जागरूकता के लिए आकर्षक व ज्ञानवर्धक जानकारियों को समाहित करते हुए रंगोली, पोस्टर का प्रदर्शन किया एवं निबंध के माध्यम से नशे से बचाव की जानकारी दी। पोस्टर मेकिंग में प्रथम दुर्गा राजवाड़े, द्वितीय अंश, तृतीय माही सिंह, रंगोली में प्रथम ऋतु राजवाड़े, द्वितीय नंदिनी तिवारी, तृतीय श्रेया मिश्रा, निबंध में प्रथम अंश को थाना प्रभारी के द्वारा मेमोंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष परमेश्वरी राजवाड़े, पार्षद लक्ष्मी महतो, पीएसआई कृष्ण भास्कर, अनिमेश दास, एएसआई विवेकानंद सिंह, राजकिशोर खलखो, स्कूल के प्राचार्य लियोस सदोम, शिक्षक, पुलिस कर्मचारी व स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

# भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग

**प्रवेश प्रारंभ : 2026-27** | **SHAPING FUTURES, DELIVERING CAREERS** | **ADMISSIONS OPEN: 2026-27**

29 YEAR'S Legacy in Education

''भारती-ग्रुप'' पिछले 29 वर्षो से विभिन्न संकायों का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है। विकसित छत्तीसगढ़ @2047 के लक्ष्य को पाने के लिए भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग शिक्षा, कौशल और नवाचार के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर, राज्य में आवश्यकता के अनुसार नये-नये पाठ्यक्रम संचालित कर युवाओ को उच्च-शिक्षा कम-खर्च / कम-फीस में प्रदान कर रहा है। आगे इसी लक्ष्य को पुरा करते हुये अध्ययन प्राप्त कर चुके, लगभग सभी विद्यार्थियों को प्लेसमेंट प्रदान कर रही है। इनकी योग्यता, कौशल एवं रुचि के अनुसार छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यो की कई बड़ी-बड़ी कंपनियों में चयनित होकर कार्यरत है तथा कई बड़े रूप में स्व-रोजगार स्थापित कर लोगों को रोजगार प्रदान कर रहे है। जिससे हमारी संस्था के साथ-साथ अपने अभिभावकों का नाम गौरवान्वित कर रहे है, यही हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य है, जिसे निरंतर आगे बनाये रखेंगे इसी विश्वास के साथ ...

**लॉ ( कानून )-** लॉ एजुकेशन में बीए एलएलबी, बीकॉम एलएलबी, इंटीग्रेटेड लॉ 5 वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण। एलएलबी 3 वर्षीय, प्रवेश के लिए किसी भी संकाय में स्नातक एवं एलएलएम 2 वर्षीय, प्रवेश के लिए एलएलबी उत्तीर्ण होना आवश्यक है। लॉ उत्तीर्ण होने के बाद अपने कैरियर बनाने के कई विकल्प हैं जिसमें से न्यायपालिका, वकालत, कानूनी सलाहकार के रूप में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर प्राप्त होता है, इसके अतिरिक्त वे कॉर्पोरेट सेक्टर, वित्तीय संस्थानों, इनकम टैक्स विभाग, लेखा एवं लेखा परीक्षा विभाग, मानव संसाधन, रियल एस्टेट, मीडिया, बैंकिंग और बीमा क्षेत्रों में भी कार्य कर अपना उज्जवल भविष्य बना सकते हैं।

## ज्ञान, कौशल और सफलता की कुंजी है पॉलिटेक्निक / इंजीनियरिंग / एमटेक

हमारे छत्तीसगढ़ शासन औद्योगिक एवं तकनीकी विकास की दिशा में भारत की पहली सेमीकंडक्टर चिप निर्माण कंपनी पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के साथ ही देश एवं विदेश की कई कम्पनीयों के साथ समझौता को बढ़ावा दे रही है एवं कई बड़ी-बड़ी कम्पनियो के निवेश से तकनीकी क्षेत्र में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियो को राज्य में ही रोजगार के नये अवसर प्राप्त हो रहे हैं। पॉलिटेक्निक 3 वर्षीय प्रवेश हेतु 10वीं उत्तीर्ण, बी.टेक 4 वर्षीय, प्रवेश हेतु 12वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। विद्यार्थी सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, कंप्यूटर साइंस, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन जैसे विषयों में प्रवेश लेकर गहन तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है। यह कोर्स विद्यार्थियों को अनुसंधान, डिजाइन, विकास, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट और इंडस्ट्री में विविध तकनीकी जिम्मेदारियों के लिए तैयार करता है। इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त करने के बाद विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रो में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं जैसे निर्माण कंपनियां, सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियां, इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग, ऑटोमोबाइल, पावर प्लांट्स, स्टार्टअप्स, सरकारी विभाग, अनुसंधान संस्थान, और शिक्षण संस्थान में रोजगार एवं स्व-रोजगार का अवसर मिलेगा।

Afft. to Ayush University, Raipur
- BAMS (Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery)
- B.Sc. (Nursing)

Afft. to IGKV, Raipur
- B.Tech Agri.
- B.Sc. Agri.

## प्रथम दीक्षांत समारोह में उपस्थित डॉक्टरेट उपाधि प्राप्तकर्ता




भारती विश्वविद्यालय मे बीए, बीकाम, बीएससी डिप्लोमा एवं लगभग सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर कोर्सेस सेमेस्टर प्रणाली में संचालित किये जा रहे है। विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में कोर्सेस की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुये कई नये-नये विषयों मे शिक्षा प्रदान किया जा रहा है। विद्यार्थीयों को सिलेबस के विस्तृत ज्ञान की प्राप्ति एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य से सेमेस्टर प्रणाली में अध्ययन के साथ-साथ IAS, IPS, IES, IFS, IRS, SSC, CGPSC/State Public Service Commission तथा अन्य सभी केंद्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट सफलता सुनिश्चित करने हेतु इसकी तैयारी नि:शुल्क प्रदान की जा रही है।

### Law
- B.A. LLB
- LLB
- B.Com LLB
- LLM

### Engineering
**M. Tech. / B.Tech. / Polytechnic**
- CSE
- Civil
- ET&T
- Mechanical
- Electrical

(Regular / Working Professionals with Flexible Time)

### Education
- D.El.Ed.
- B.Ed.
- M.Ed.

### Public Health
- MPH (Master of Public Health)

### Rural Studies
- Bachelor (BRS)
- Master (MRS)

### Physical Education
- Bachelor of Physical Education and Sports (B.P.E.S.)*
- Masters of Physical Education and Sports (M.P.E.S.)*

### Social Work
- Diploma (DSW)
- Bachelor (BSW)
- Master (MSW)

### Pharmacy
- D. Pharma
- B. Pharma
- M. Pharma

### Science
**B.Sc (Hons)/M.Sc**
- Forensic Science
- Chemistry
- Maths
- Computer Sceince
- Physics
- Zoology
- Animation & Visual Effects
- Botony
- Microbiology
- Biotechnology
- Home Science
- IT

### Arts/ Commerce & Management
- BBA
- MBA
- Hospital Mgt.
- Financial Mgt
- Marketing Mgt.
- Human Resource Mgt.

**B.A.(Hons)/ M.A**
- Psychology
- English
- Sociology
- Yoga
- Hindi
- Sanskrit
- Economics
- History
- Geography
- Political Science

- B.Com.(Hons)
- M.Com
- B.Stat
- M.Stat
- DCA
- BCA
- PGDCA

### Library Science
- M.Lib
- B.Lib
- D.Lib

### Diploma Courses (1year)
- Forensic Science
- Digital Marketing
- Yoga Science
- Nutrition & Dietetics
- Interior Design
- Multimedia & Graphic Animation
- Fashion Design
- Cyber Crime

**Ph.D. Available in all Major Subjects**

**फॉरेंसिक साइंस-** भारती विश्वविद्यालय न केवल दुर्ग, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था, न्यायिक प्रक्रिया और फॉरेंसिक अनुसंधान के क्षेत्र में शिक्षा का एक मजबूत केंद्र बनकर उभरा है। बीएससी फॉरेंसिक साइंस(ऑनर्स) 3+1 वर्षीय (डिग्री+अनुसंधान)में प्रवेश हेतु गणित अथवा विज्ञान विषय में 12वीं उत्तीर्ण एवं एमएससी फॉरेंसिक साइंस 2 वर्षीय, प्रवेश हेतु बीएससी गणित/जीवविज्ञान, फार्मेसी, इंजीनियरिंग के साथ स्नातक होना अनिवार्य है। इस विषय से छात्रों को अपराध अनुसंधान, डीएनए विश्लेषण, फिंगरप्रिंट तकनीक, क्राईम सीन इन्वेस्टिगेशन, साइबर सिक्योरिटी और टॉक्सीकोलॉजी जैसे आधुनिक कौशलों में प्रशिक्षित होने का ज्ञान प्राप्त होगा। डिग्री प्राप्त होने के बाद अपराध जॉच में वैज्ञानिक सबूतो के बढ़ते महत्व के कारण सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में फॉरेंसिक साइंस के क्षेत्र में नौकरी के सबसे ज्यादा अवसर हैं, फॉरेंसिक साइंस के विद्यार्थी देश-विदेश के फॉरेंसिक शिक्षण संस्थानों में प्राध्यापक एवं फॉरेंसिक एक्सपर्ट के रूप में कार्य करते हैं। सरकारी विभागों जैसे सेंट्रल एवं स्टेट फॉरेंसिक साइंस लैब, गृह विभाग, पुलिस, इंटेलिजेंस और क्रिमिनल इन्वेस्टिगेशन से संबंधित अन्य खुफिया एजेंसियों में फॉरेंसिक साइंस का विशेष महत्व है। साइकोलॉजी, क्रिमिनोलॉजी और साइबर सिक्योरिटी जैसे समकालीन विषयों में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं, जो विद्यार्थियों को एक सशक्त कैरियर एवं रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं।

**फॉरेंसिक से जुड़े अपने सपनों को दीजिए एक नई उड़ान...**

## ''फार्मेसी ज्ञान और सेवा का संगम''

डी. फार्मेसी 2 वर्ष का डिप्लोमा कोर्स एवं बी.फार्मेसी 4 वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम है जिनमें प्रवेश हेतु 12वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। फार्मेसी विज्ञान और मानव स्वास्थ्य के बीच एक सेतु है, जो कि ना केवल दवाओं की गुणवत्ता और प्रभाव को सुनिश्चित करता है, बल्कि रोगों की रोकथाम और इलाज में अहम भूमिका निभाता है। आज की तेज रफ्तार जीवनशैली, बदलती स्वास्थ्य समस्याएं, और नई-नई बीमारियों के बढ़ते प्रकोप के चलते फार्मेसी क्षेत्र में कुशल और प्रशिक्षित पेशेवरों की मांग निरंतर बढ़ रही है। यह कोर्स अनुसंधान, शिक्षण, उद्योग और सरकारी विभागों में उन्नत कैरियर के लिए मार्ग प्रशस्त करता है। जिसमें विद्यार्थियों को फार्मास्युटिकल विज्ञान की मूलभूत जानकारी, दवा निर्माण, ड्रग डिजाइन, फार्माकोलॉजी, हर्बल ड्रग्स और क्लिनिकल फार्मेसी जैसे विषयों में गहन प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इस कोर्स के अध्ययन से विद्यार्थियों को अनुसंधान, निर्माण, गुणवत्ता नियंत्रण, और फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री में विभिन्न जिम्मेदारियों के लिये तैयार होते है। फार्मेसी के डिग्री प्राप्त करने के बाद छात्र सरकारी और निजी अस्पतालों, क्लीनिकों, इसके अलावा स्वरोजगार के लिए मेडिकल स्टोर भी प्रारंभ कर सकते हैं।

## PLACEMENT SELCTION 2026



**TOP RECRUITERS:** WIPRO LTD. | ASHOK L bY LAYAM GROUP | JINDAL ELECTRICAL | HCL INFOSYSTEMS Ltd. | TATA CONSULTANCY SERVICES | L & T CONSTRUCTION | SUZUKI MOTORS | MAHINDRA & MAHINDRA Ltd. | CAPGEMINI INDIA PVT. LTD. | ULTRATECH CEMENT | SUZLON ENERGY LTD. | BOC INDIA LTD. | DHOOT TRANSMISSIONS | ADVIK HIGH TECH Pvt. Ltd. | HIRA POWER & STEEL | MAINTEC TECHNOLOGIES | IDBI BANK LIMITED | JUST DIAL LIMITED





📞 6232221101/ 02/ 03/ 04/ 05/ 06/ 07

www.bhartiuniversity.org
bhartiuniversity.in@gmail.com

**SUN PUBLIC SCHOOL**
A CBSE NEW Delhi, affiliated School
Day Boarding School
ADMISSIONS OPEN
Hostel Facility Available from 6th to 12th Class
NURSERY TO 12TH CBSE
ENGLISH MEDIUM
9109186601, 9109186607

**सन प्राइवेट आई.टी.आई.**
भारत सरकार (NCVT & DGT) एवं छ.ग. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
विशेषताएँ: • उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम • अनुभवी शिक्षक • आधुनिक टूल्स एवं मशीनों द्वारा ट्रेनिंग • छात्रवृत्ति की सुविधा • हॉस्टल की सुविधा
प्रवेश प्रारंभ
• इलेक्ट्रीशियन • फिटर } 2 वर्ष
• कोपा • स्टेनो (हिन्दी) } 1 वर्ष
9589158888, 9109186606

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने किया तहसील का निरीक्षण

**सारंगढ़।** कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने तहसील कार्यालय बरमकेला का निरीक्षण कर कार्यालयीन व्यवस्थाओं, अभिलेख संधारण एवं नागरिकों को प्रदान की जा रही सेवाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रिकॉर्ड रूम का अवलोकन कर अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख रखाव तथा आवश्यक दस्तावेजों के संधारण संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने तहसीलदार पुष्पेंद्र कुमार राज के कक्ष सहित तहसील कार्यालय के विभिन्न शाखाओं एवं कक्षों का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय में साफ सफाई, अभिलेखों के संधारण, कर्मचारियों की उपस्थिति तथा आम नागरिकों को दी जा रही सेवाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा. निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शासन की योजनाओं एवं राजस्व संबंधी कार्यों का समय. सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान तहसील कार्यालय परिसर के पीछे स्थित बंजर भूमि में आयोजित बीज उत्सव कार्यक्रम में भी कलेक्टर शामिल हुईं। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित क्षेत्र के विस्तार के उद्देश्य से बीज रोपण किया गया। कलेक्टर पदमिनी भोई साहू ने सीड बॉल बीज गेंद को भी बंजर भूमि में रोपित कर हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे नवाचार पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ भविष्य में हरित आवरण बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### 35 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त

**रायगढ़।** आबकारी विभाग ने कार्रवाई करते हुए 35.600 लीटर महुआ शराब जब्त की है। विशेष अभियान के तहत घरघोड़ा और खरसिया क्षेत्र में दबिश देकर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।सहायक आयुक्त आबकारी ने बताया कि आबकारी वृत्त घरघोड़ा की टीम ने महलोई गांव में दबिश देकर तुलसा अगरिया के कब्जे से 16.400 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब जब्त की। वहीं दूसरी कार्रवाई में नवापारा वार्ड क्रमांक 08 निवासी राखी बाई पैकरा के घर से 9 लीटर अवैध हाथ भट्टी शराब बरामद की गई। इसी तरह आबकारी वृत्त खरसिया की टीम ने बरगढ़ गांव में कार्रवाई करते हुए प्रताप कुमार उरांव के कब्जे से 10.200 लीटर महुआ शराब जब्त की।

### पीएम 15 सूत्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा

**रायगढ़।** अल्पसंख्यक समुदाय के सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय अल्पसंख्यक कल्याण समिति एवं प्रधानमंत्री नवीन 15 सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने की। बैठक में अल्प संख्यक समुदाय के लिए विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए उनके प्रभावी क्रियान्वयन, शत प्रतिशत लाभ वितरण तथा व्यापक जन जागरूकता पर विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए समुदाय स्तर पर विशेष शिविर आयोजित कर योजनाओं की पात्रता, आवश्यक दस्तावेजों एवं आवेदन प्रक्रिया की जानकारी सरल और सुगम तरीके से उपलब्ध कराई जाए।

## पृष्ठ 1 का शेष

### 50 वर्ष बाद भी ...

को कुचल दिया गया। यह केवल राजनीतिक दमन नहीं था, बल्कि देश की लोकतांत्रिक चेतना पर किया गया सबसे बड़ा हमला था। तत्कालीन कांग्रेस की सरकार ने अनेक अखबारों के कार्यालय के बिजली काट दिए। करीब 3800 अखबार को बन्द कर किया गया। 290 अखबार के विज्ञापन बन्द किए गए। 7 संवाददाता को देश से बाहर निकाल दिया। 51 विदेशी पत्रकार की मान्यता छीन ली। 29 विदेशी पत्रकार को आने नहीं दिया गया। प्रेस वार्ता में निवर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता, जिला महामंत्री मनीष अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, आलोक सारथी, हरजीत सिंह भाटिया, अंकित बंसल एवं हेमंत बंजारा सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मनमानी और भेदभाव का आरोप, पुसौर जपं का पहला मामला

# अविश्वास प्रस्ताव से पंचों ने हटाया सरपंच को 17 में 16 पंचों ने किया विरोध, एक मत निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पुसौर

ग्राम पंचायत टपरदा में सोमवार को राजनीतिक भूचाल आ गया। सरपंच दिनेश जांगड़े के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव भारी बहुमत से पारित हो गया। पंचायत भवन में संपन्न हुई गुप्त मतदान प्रक्रिया में कुल 17 पंचों में से 16 ने सरपंच को हटाने के पक्ष में मतदान किया, जबकि एक मत तकनीकी खामी के चलते निरस्त हो गया। सरपंच के पक्ष में एक भी वोट नहीं पड़ा। इसके साथ ही दिनेश जांगड़े को पद से पृथक कर दिया गया। यह पुसौर जनपद पंचायत के इतिहास में पहला मामला है जब अविश्वास प्रस्ताव के जरिए किसी सरपंच की कुर्सी गई है। लगभग पखवाड़े भर पहले ग्राम पंचायत टपरदा के सभी 17 निर्वाचित पंच एकजुट हुए और सरपंच दिनेश जांगड़े की कार्यप्रणाली से नाराज होकर एसडीएम रायगढ़ के समक्ष अविश्वास प्रस्ताव का आवेदन प्रस्तुत किया था।

पंचों का आरोप था कि सरपंच द्वारा विकास कार्यों में भेदभाव किया जा रहा है, पंचायत की बैठकों में पंचों की राय को महत्व नहीं दिया जाता और मनमाने तरीके से निर्णय लिए जा रहे हैं। एसडीएम के आदेश के परिपालन में सोमवार 22 जून को निर्धारित समय सुबह 11 बजे तहसीलदार अनुराधा पटेल, जनपद पंचायत एसीईओ कुलमित्र, पंचायत निरीक्षक भुवनेश्वर सिदार सहित राजस्व और पंचायत विभाग का अमला टपरदा पंचायत भवन पहुंचा। निर्धारित प्रक्रिया के तहत पीठासीन अधिकारी तहसीलदार अनुराधा पटेल ने सभी 17 पंचों को मतदान की प्रक्रिया समझाई। इसके बाद एक एक कर सभी पंचों ने गुप्त मतदान किया। पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी भी कराई गई। मतदान के दौरान सरपंच दिनेश जांगड़े नहीं थे जो पंचायत भवन में पहुंचे और अविश्वास की कार्रवाई को रोकने का निवेदन किया। मतगणना के बाद पीठासीन अधिकारी ने परिणाम घोषित किया।


अविश्वास प्रस्ताव के लिए मतदान कराते पुसौर तहसीलदार।

### 16.0 के अंतर से पारित प्रस्ताव

कुल 17 मतों में से 16 मत अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में पाए गए। एक मत पर अस्पष्ट निशान होने के कारण उसे निरस्त कर दिया गया। इस तरह 16.0 के अंतर से प्रस्ताव पारित हो गया। ग्राम पंचायत टपरदा में पिछला पंचायत आम चुनाव फरवरी 2025 में हुआ था। इस हिसाब से दिनेश जांगड़े का कार्यकाल अभी मात्र डेढ़ साल ही हुआ था। इतने कम समय में ही पंचों का विश्वास खो देना क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है। नाम न छापने की शर्त पर एक पंच ने बताया कि सरपंच द्वारा शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही थी। निर्माण कार्यों की जानकारी पंचों को नहीं दी जाती थी। कई बार कहने के बावजूद मनमानी जारी रही। अंततः सभी पंचों ने एकमत होकर अविश्वास का रास्ता चुना। पंचायत राज अधिनियम के अनुसार अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद संबंधित सरपंच तत्काल प्रभाव से पदमुक्त हो जाता है। अब 6 माह के भीतर राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा यहां उपचुनाव कराया जाएगा।

### किसी पंच को दिया जाएगा प्रभार

तहसीलदार अनुराधा पटेल ने बताया कि नियमानुसार जिला पंचायत सीईओ द्वारा जल्द ही ग्राम पंचायत के किसी एक पंच को 6 माह के लिए स्थानापन्न सरपंच नियुक्त किया जाएगा। वही कार्यकारी सरपंच के रूप में पंचायत के दैनिक कार्य और विकास कार्यों का संचालन करेगा। दूसरी ओर पुसौर जनपद के राजनीतिक जानकारों का कहना है कि जनपद गठन के बाद से अब तक अविश्वास प्रस्ताव से सरपंच को हटाने की यह पहली घटना है। इससे पहले अविश्वास के आवेदन तो लगे, लेकिन मतदान की नौबत नहीं आई। टपरदा की घटना के बाद अन्य पंचायतों में भी हलचल तेज हो गई है। फिलहाल टपरदा पंचायत में सरपंच का पद रिक्त हो गया है और प्रशासन अगली कार्रवाई में जुट गया है।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से बैल की मौत



**जशपुरनगर।** पत्थलगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बालाझर के आसढियों पारा में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक बैल की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे अचानक मौसम बदला और तेज चमक के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई।

इसी दौरान आसढियों पारा के पास जंगल में एक बैल चारा चर रहा था। तभी अचानक कड़कड़ाती हुई आकाशीय बिजली बैल के ऊपर आ गिरी, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृत बैल के मालिक की पहचान दिलीप सिदार, पिता सदा राम के रूप में हुई है। दोपहर को हुई इस अचानक बारिश और हादसे के बाद जब ग्रामीणों ने मृत बैल को देखा, तो इसकी जानकारी तुरंत स्थानीय सरपंच को दी। सूचना मिलते ही सरपंच ने लिखित आवेदन तैयार किया और घटना के संबंध में पत्थलगांव थाने को सूचित कर दिया है। बैल की मौत से पीड़ित ग्रामीण परिवार को मुआवजा दिलाने की मांग की है।

## टांगरगांव में लगा शिविर 1034 पशुओं का टीकाकरण



**जशपुरनगर।** विकास खंड कांसाबेल अंतर्गत ग्राम टांगरगांव में मोबाइल वेटरनरी यूनिट पशु सखी तथा ग्रामीणों के सक्रिय सहयोग से पशु चिकित्सा शिविर सह टीकाकरण शिविर का सफल आयोजन किया गया।

पशुधन सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संवर्धन के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में विभिन्न संक्रामक एवं घातक बीमारियों की रोकथाम हेतु कुल 108 गायों 416 बकरियों तथा 250 मुर्गियों का टीकाकरण किया गया इसके अतिरिक्त 80 पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया 188 पशुओं को कृमिनाशक दवापान कराया गया तथा पशुओं का उपचार भी किया गया। जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार द्वारा पशु सखियों की सूचना तंत्र स्थापित करने की दिशा निर्देशानुसार शिविर के सफल संचालन में पशु सखी श्रीमती सरिता किंडो का विशेष एवं सराहनीय योगदान रहा ।शिविर के दौरान पशु सखियों को विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों को जमीनी स्तर तक प्रभावी रूप से पहुचाने तथा पशु पालकों को पशु धन विकास संबंधी सेवाओं का लाभ दिलाने हेतु पशुधन विकास विभाग को निरंतर सहयोग प्रदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इस बहुउद्देशीय लाभकारी शिविर से ग्राम टांगरगाँव के पशु पालकों को व्यापक लाभ प्राप्त हुआ। जिले के प्रत्येक विकासखंडों में ऐसे पशु सखियों की मैपिंग की गई है। वे अपने ग्राम पंचायत के पशु पालकों के समस्या के बारे में अपने निकटतम पशु चिकित्सालय प्रभारी अधिकारी से संपर्क कर त्वरित समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

## दिव्यांगजन प्रमाणीकरण एवं यूडीआईडी शिविर



**जशपुरनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बगीचा में दिव्यांगजन प्रमाणीकरण एवं यूडीआईडी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य दिव्यांगजनों को प्रमाणपत्र एवं यूडीआईडी कार्ड उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाना रहा।

शिविर में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन एवं उनके परिजन उपस्थित हुए। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा दिव्यांगता का परीक्षण कर पात्र हितग्राहियों के दस्तावेजों का सत्यापन किया गया। इसके बाद यूडीआईडी कार्ड एवं दिव्यांगता प्रमाणपत्र बनाने की प्रक्रिया पूरी की गई। जनपद सीईओ विनोद सिंह ने बताया कि यूडीआईडी कार्ड के माध्यम से दिव्यांगजनों को विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ प्राप्त करने में आसानी होगी।

शिविर के दौरान हितग्राहियों को आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन समाज कल्याण विभाग एवं जनपद पंचायत बगीचा के सहयोग से किया गया। अधिकारियों ने अधिक से अधिक दिव्यांगजनों से ऐसे शिविरों का लाभ उठाने की अपील की।

## केंद्रीय विद्यालय पौधरोपण व ई-वेस्ट जागरूकता कार्यक्रम



**जशपुरनगर।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय जशपुर में इको क्लब फॉर मिशन लाइफ के अंतर्गत "एक पेड़ मां के नाम 3.0" अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं उनकी माताओं ने प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक कमलेंदु मिश्र ने "एक पेड़ मां के नाम 3.0" अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी माता के सम्मान में एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए तथा उसके संरक्षण का दायित्व भी निभाना चाहिए। विद्यालय के प्राचार्य के मार्गदर्शन में विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों एवं उनकी माताओं द्वारा विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम के उपरांत विद्यालय के शिक्षक वसीम फारूक द्वारा ई-वेस्ट जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस दौरान समुदाय से आए लोगों को इलेक्ट्रॉनिक कचरे (ई-वेस्ट) के सुरक्षित निपटान, पुनर्चक्रण तथा इसके पर्यावरणीय प्रभावों के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में आचार्य नरेंद्र कुमार ने पौधारोपण के महत्व एवं ई-वेस्ट के प्रति जागरूक रहने और इसके वैज्ञानिक प्रबंधन को अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं समुदाय में पर्यावरण संरक्षण तथा सतत विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण हेतु सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

## अल-नीनो की चुनौती को अवसर में बदलें किसान

**जशपुरनगर।** जिले में इस वर्ष अल-नीनो प्रभाव के कारण सामान्य से कम वर्षा होने की संभावना को देखते हुए कृषि विभाग ने किसानों को वैकल्पिक फसलों की खेती अपनाने की सलाह दी है। उप संचालक कृषि, जशपुर ने किसानों से अपील करते हुए कहा है कि वे विशेष रूप से टिकरा (अपलैंड) भूमि में धान के स्थान पर दलहन एवं तिलहन फसलों की खेती कर जोखिम को कम करें तथा बेहतर आय अर्जित करें। कृषि विभाग के अनुसार कम वर्षा की संभावित परिस्थितियों में अरहर, मूंग, उड़द, कोदो, कुटकी, रागी, मूंगफली, तिल, रामतिल एवं कुल्थी जैसी फसलें किसानों के लिए अधिक लाभकारी सिद्ध हो सकती हैं। ये फसलें कम पानी में भी अच्छी पैदावार देती हैं तथा प्रतिकूल मौसम की स्थिति में भी उत्पादन पर अपेक्षाकृत कम प्रभाव पड़ता है। कृषि विभाग ने बताया कि टिकरा भूमि में धान के स्थान पर दलहन एवं तिलहन फसलों की खेती करने वाले किसानों को शासन द्वारा 15,000 रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है। इसके अलावा इन फसलों की खरीदी प्रधानमंत्री आशा योजना के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर भी की जाती है, जिससे किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य प्राप्त होता है।

## सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान से शासन की योजनाओं का अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने में विशेष फोकस करें : कलेक्टर

**31 हितग्राहीमूलक योजनाओं के शत प्रतिशत संतृप्तिकरण पर जोर**



**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने बैठक में शासन की महत्वाकांक्षी पहल सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान के दिशा निर्देशों की विस्तार से जानकारी देते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। इसके लिए सभी विभाग निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप समन्वित रूप से कार्य करें और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

कलेक्टर ने कहा कि सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान के तहत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में चिन्हित 31 व्यक्तिगत हितग्राहीमूलक योजनाओं का शत प्रतिशत संतृप्तिकरण किया जाना है। अभियान के माध्यम से शासन की योजनाओं का त्वरित एवं प्रभावी लाभ प्रत्येक पात्र परिवार तक पहुंचाने के साथ-साथ नागरिकों का शासन के प्रति विश्वास और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को अभियान संबंधी दिशा-निर्देशों का गहन अध्ययन कर विभागवार कार्य योजना तैयार करने तथा मैदानी स्तर पर सक्रियता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि अभियान के प्रथम चरण में ग्रामवार आधारभूत आंकड़ों का संकलन एवं सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद डाटा विश्लेषण के आधार पर चिन्हित पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए ग्राम, क्लस्टर एवं विकासखंड स्तर पर विशेष संतृप्तिकरण शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### लंबित प्रकरणों को समय पर निराकरण का निर्देश

बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को लंबित मामलों के समयबद्ध निराकरण के निर्देश देते हुए विशेष रूप से भू.अर्जन से संबंधित प्रकरणों में तेजी लाने को कहा। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अविवादित नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन जैसे प्रकरणों का अधिक से अधिक निराकरण पंचायत स्तर पर सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को त्वरित राहत मिल सके। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के तहत संचालित कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यों में अपेक्षित गति लाने के निर्देश दिए।

## निगम आयुक्त ने ली राजस्व विभाग की बैठक, कहा वसूली निगम की जीवनरेखा



**रायगढ़।** प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी को यह समझना होगा कि राजस्व संग्रहण केवल विभागीय कार्य नहीं, बल्कि शहर के विकास और नागरिक सुविधाओं के विस्तार का आधार है। यदि राजस्व संग्रहण बेहतर होगा तो नगर निगम अधिक प्रभावी ढंग से विकास कार्यों का संचालन कर सकेगा। राजस्व वसूली नगर निगम की जीवनरेखा है। इसलिए राजस्व शाखा के सभी अधिकारी और कर्मचारी को तय लक्ष्य प्राप्ति के लिए अभी से करें सुनियोजित कार्य करना होगा।

उक्त बातें आज नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में कही। इस दौरान उन्होंने वित्तीय वर्ष 2026-27 में राजस्व वसूली की प्रगति का आकलन किया। बैठक में सहायक राजस्व निरीक्षकों, कर संग्रहकों एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों से वार्डवार संपत्तिकर, समेकित करए जलकर एवं यूजर चार्ज की वसूली की स्थिति की जानकारी ली गई। समीक्षा के दौरान आयुक्त क्षत्रिय ने कहा कि गत वित्तीय वर्ष में प्राप्त उपलब्धियों को आधार बनाते हुए वर्तमान वित्तीय वर्ष में भी शत-प्रतिशत राजस्व लक्ष्य प्राप्ति के लिए अभी से सुनियोजित एवं व्यवस्थित रूप से कार्य प्रारंभ करना होगा। उन्होंने सभी सहायक राजस्व निरीक्षकों को प्रतिदिन, साप्ताहिक, मासिक एवं त्रैमासिक प्रगति का प्रतिवेदन निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

### बड़े बकायादारों को करें टारगेट

आयुक्त श्री क्षत्रिय ने सभी सहायक राजस्व निरीक्षकों को अपने अपने प्रभार क्षेत्र के बड़े बकायादारों की पृथक सूची तैयार करने तथा उनसे सतत संपर्क स्थापित कर लंबित कर राशि जमा कराने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने करदाताओं को कर भुगतान के लिए प्रेरित करने के साथ साथ बड़े बकायादारों के विरुद्ध नियमानुसार नोटिस जारी करने, कुर्की वारंट की कार्रवाई करने तथा आवश्यकतानुसार सीलिंग की कार्रवई में तेजी लाने की बात कही।

**सरकार की तीर्थ दर्शन पहल से श्रद्धालुओं का सपना हो रहा साकार**

## सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा में जिले के 17 श्रद्धालु हुए शामिल



**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिकों और श्रद्धालुओं को देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन कराने के उद्देश्य से संचालित तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत आज रायगढ़ जिले के 17 यात्रियों को सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा के लिए रवाना किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सभी यात्रियों से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं तथा सुखद, सुरक्षित एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आम नागरिकोंए विशेषकर वरिष्ठजनों की आस्था और धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए उन्हें देश के महत्वपूर्ण तीर्थ स्थलों के दर्शन का अवसर उपलब्ध करा रही है। यह योजना केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि लोगों की वर्षों पुरानी धार्मिक आकांक्षाओं को पूरा करने का माध्यम बन रही है। यात्रा पर रवाना होने वाले श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। यात्रियों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आर्थिक और अन्य कारणों से कई लोगों के लिए देश के प्रमुख तीर्थ स्थलों तक पहुंचना संभव नहीं हो पाता, लेकिन इस योजना के माध्यम से उन्हें सोमनाथ जैसे ऐतिहासिक और पवित्र ज्योतिर्लिंग के दर्शन का अवसर मिल रहा है। श्रद्धालुओं ने कहा कि यह यात्रा उनके जीवन के सबसे यादगार अनुभवों में से एक होगी। यात्रा के लिए प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

## जनगणना से जुड़े अधिकारी- कर्मचारियों का किया गया सम्मान



**बरमकेला।** भारत सरकार द्वारा संचालित जनगणना 2026 के सफल क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले जनगणना नायकों फील्ड ट्रेनरों, पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों के सम्मान में नगर पंचायत बरमकेला में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा और उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया।

इस महत्वपूर्ण कार्य को सफल बनाने में मैदानी स्तर पर कार्य करने वाले प्रगणकों, पर्यवेक्षकों एवं प्रशिक्षकों की भूमिका सबसे अहम होती है। इन्हीं कर्मियों के अथक परिश्रम और जिम्मेदारीपूर्ण कार्यों को सम्मानित करने के उद्देश्य से इस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने जनगणना कार्य की उपयोगिता एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रहण नहीं बल्कि देश के भविष्य की विकास यात्रा का आधार है। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी घर-घर पहुंचकर जानकारी संकलित करने वाले जनगणना कर्मियों ने अपनी जिम्मेदारियों का उत्कृष्ट निर्वहन किया है, जिसके कारण यह कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सका। समारोह में जनगणना कार्य में उल्लेखनीय योगदान देने वाले जनगणना नायकों, फील्ड ट्रेनरों, पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों को प्रशस्ति-पत्र एवं सम्मान देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि किसी भी बड़े राष्ट्रीय अभियान की सफलता उसके जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले कर्मियों की मेहनत और समर्पण पर निर्भर करती है।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त